एमबीडी ग्रुप ने पंजाब बुकसेलर्स के साथ की मीटिंग

सवेरा न्यूज/अमन

लुधियाना, 12 मार्चः एमबीडी ग्रुप ने रविवार को रैडिसन ब्लू होटल में पंजाब बुकसेलर्स के लिए मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में एमबीडी ग्रुप की डायरैक्टर मोनिका मल्होत्रा कंधारी ने कहा कि हम नए युग की आवश्यकताओं के अनुसार विद्यार्थी एवं विद्यालयों को समाधान उपलब्ध करवाने के लिए तेजी से आगे बढ़े और हमारा अशोका एप्प और एएलटीएस प्लेटफार्म इसमें सफल रहा है। एमबीडी की पुस्तकें नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए सदैव ही पहली पसंद रही हैं। अशोका एप्प स्कूलों के लिए एक शिक्षण समाधान है। बैठक में कई विषयों जैसे- पंजाब के स्कूलों के लिए नए पाठ्यक्रम, बुकसेलर्स स्कूलों में शैक्षिक प्रौद्योगिकी का समर्थन कैसे कर सकते हैं। साथ ही बुकसेलर्स के लिए नई और आकर्षक योजनाओं की घोषणा भी की गई ताकि वे नवीनतम प्रस्तावों का लाभ उठा सकें।

दीप प्रज्वलित करके मीटिंग का शुभारंभ करते आयोजक।